Title: **Need to supply additional electricity to Madhya Pradesh - Laid.**

श्री रामानन्द सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पश्चात एवं मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के बीच विद्युत बंटवारे के पश्चात विद्युत उत्पादन की अधिकांश इकाईयां छत्तीसगढ़ में चली गई, जिससे मध्य प्रदेश के समक्ष गंभीर विद्युत संकट पैदा हो गया है। राज्य अपनी आवश्यकता की आधी बिजली की भी आपूर्ति नहीं कर पा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों की विद्युत सप्लाई प्रायः नगण्य है व किसान रबी फसल की सिंचाई हेतु बिजली नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं, बिजली संकट से मध्य प्रदेश की जनता व किसान त्रस्त है।

अतः भारत सरकार मध्य प्रदेश को छत्तीसगढ़ व पड़ोसी राज्यों से बिजली दिलवाने में मदद करे व मध्य प्रदेश में भविय की योजना बनाकर विद्युत उत्पादन हेतु आर्थिक मदद करें।